फर्द अहकाम

मैसर्स ऐरिस्ट्राक्रेटिक वेन्चर्स एल0एल0पी0 बनाम राज0 सरकार

संख्या 54/2024 2024/106

दिनांक	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
22.03.2024	प्रार्थी की ओर से प्रार्थना पत्र बाबत् प्रार्थी की हिस्सा भूमि जमाबन्दी में प्रार्थी का नाम सही अंकन कराने का पेश किया। पत्रावली दर्ज रजिस्टर की गयी। प्रार्थी ने निवेदन किया कि ग्राम मदरामपुरा, पटवार हल्का शिकारपुरा, भू–अभिलेख निरिक्षक क्षेत्र शिकारपुरा, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर में स्थित कृषि भूमि खसरा नम्बर 27 रकबा 0.1800 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 28 रकबा 0.4500 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 88 रकबा 0.1800 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 90 रकबा 0.5300 हैक्टेयर, कुल किता 4 कुल रकबा 1.3400 हैक्टेयर में नामान्तरकरण संख्या 386 दिनांक 03.12.2015 को प्रार्थी कम्पनी के नाम सही तस्दीक किया गया, परन्तु राजस्व जमाबन्दी में उक्त नामान्तरकरण का इन्द्राज गलत अंकन कर दिया गया जिसमें प्रार्थी कम्पनी का नाम मैसर्स ऐरिस्ट्राक्रेटिक वेन्चर्स एल.एल.पी. अंकित करने के वजाय मैसर्स रिस्ट्रकेटिक वेन्चर्स एल.एल.पी. अंकित कर दिया गया, जो कि एक लिपिकीय त्रुटि है। अतः प्रार्थना है कि प्रार्थी का प्रार्थना–पत्र स्वीकार फरमाया जाकर ग्राम मदरामपुरा, पटवार हल्का शिकारपुरा, भू–अभिलेख निरिक्षक क्षेत्र शिकारपुरा, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर में स्थित कृषि भूमि खसरा नम्बर 27 रकबा 0.1800 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 28 रकबा 0.4500 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 88 रकबा 0.1800 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 90 रकबा 0.5300 हैक्टेयर, कुल किता 4 कुल रकबा 1.3400 हैक्टेयर के राजस्व रिकॉर्ड में प्रार्थी कम्पनी का नाम मैसर्स रिस्ट्रकेटिक वेन्चर्स एल.एल.पी. के स्थान पर मैसर्स ऐरिस्ट्राक्रेटिक वेन्चर्स एल.एल.पी. दुरूस्त किये जाने की आज्ञा प्रदान की जावें तथा इसी प्रकार का अंकन राजस्व रिकॉर्ड में किया जावे। शपथ पत्र संलग्न है। वहस प्रार्थी सुनी गयी। वहस प्रार्थी व संलग्न दस्तावेजात का अवलोकन किया गया। प्रार्थी की जमावन्दी सम्वत् 2076 जिसमें प्रार्थी का नाम मैसर्स रिस्ट्रकेटिक वेन्चर्स एल.एल.पी. है। एवं प्रार्थी अधि[illegible] जमावन्दी सम्वत् 2072–2075 पेश किया जिसमें नामान्तरकरण संख्या 386 दिनांक 03.12.2015 में कम्पनी का नाम मैसर्स ऐरिस्ट्राक्रेटिक वेन्चर्स एल.एल.पी. अंकित है। उक्त दस्तावेजात के आधार पर प्रार्थी मैसर्स रिस्ट्रकेटिक वेन्चर्स एल.एल.पी. एवं मैसर्स ऐरिस्ट्राक्रेटिक वेन्चर्स एल.एल.पी. एक ही कम्पनी होना पाया जाता है। अतः प्रार्थी की ओर से पेश उपखण्ड अधिकारी जयपुर द्वितीय (सांगानेर)	

Signature Not Verified
Digitally signed by Himmat Singh
Date: 2024.04.16 12:32:29 IST
Reason: SelfAttested

22.03.2024

मैसर्स ऐरिस्ट्राक्रेटिक वेन्चर्स एल0एल0पी0 बनाम राज0 सरकार

प्रार्थना पत्र संख्या:- 54/2024

प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर ग्राम मदरामपुरा, पटवार हल्का शिकारपुरा, भू-अभिलेख निरिक्षक क्षेत्र शिकारपुरा, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर में स्थित कृषि भूमि खसरा नम्बर 27 रकबा 0.1800 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 28 रकबा 0.4500 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 88 रकबा 0.1800 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 90 रकबा 0.5300 हैक्टेयर, कुल किता 4 कुल रकबा 1.3400 हैक्टेयर के राजस्व रिकॉर्ड में प्रार्थी कम्पनी का नाम मैसर्स रिस्ट्रकेटिक वेन्चर्स एल.एल.पी. के स्थान पर मैसर्स ऐरिस्ट्राक्रेटिक वेन्चर्स एल.एल.पी. दुरूस्त किये जाने तहसीलदार सांगानेर को दिये जाते है। आदेश की पालना हेतु तहसीलदार सांगानेर को तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो, बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 22.03.2024 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
जयपुर द्वितीय (साँगानेर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Himmat Singh
Date: 2024.04.16 12:32:29 IST
Reason: SelfAttested